# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 18 अगस्त 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON
Google Play

Download App

GK Search Engine
GK Search Engine
GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. जोधपुर में मेहरानगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय एट होम समारोह में किसे राज्य के सर्वश्रेष्ठ सरपंच का अवार्ड दिया गया?**

(a) दिव्यांश एम भारद्वाज
(b) रवि कुमार
(c) अजय कुमार बिश्नोई
(d) इनमें से कोई नही

⭕ राजस्थान के टोंक जिले की आवां ग्राम पंचायत के युवा सरपंच दिव्यांश एम भारद्वाज को राज्य के 'सर्वश्रेष्ठ सरपंच' का पुरस्कार मिला है।
⭕ यह सम्मान उन्हें स्वतंत्रता दिवस पर 14 अगस्त 2025 को मेहरानगढ़ जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एट-होम समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया
⭕ दिव्यांश ने स्विट्जरलैंड से एमबीए की पढ़ाई करने के बाद कॉर्पोरेट क्षेत्र में करियर की जगह अपने गांव की सेवा को प्राथमिकता दी और सरपंच बनकर विकास की नई मिसाल कायम की।
⭕ आवां पंचायत में अब छात्र-छात्राओं के लिए एसी और इंटरनेट युक्त अलग-अलग लाइब्रेरी, हेरिटेज पंचायत भवन, बैंक्वेट हॉल युक्त मैरिज गार्डन, और ड्रेसिंग रूम युक्त तीर्थ घाट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।
✅ दिव्यांश के आवां मॉडल को महाराष्ट्र सरकार अपना रही है।

**01. राजस्थान के जयपुर में सक्षम जयपुर अभियान 2025 कब से कब तक चलाया जाएगा?**

**(A) 18 अगस्त से 23 सितंबर 2025**

(B) 25 अगस्त से 30 सितंबर 2025

(C) 22 अगस्त से 26 सितंबर 2025

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के जयपुर सक्षम जयपुर अभियान 2025 चलाया जाएगा
- अभियान की अवधि – 18 अगस्त से 23 सितंबर 2025

उद्देश्य – विशेष योग्यजन एवं बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को संबल प्रदान करना

- कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराना

प्रथम चरण – शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हीकरण शिविर

राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना तथा ADIP योजना के तहत आयोजित होने वाले इन शिविरों में जिले में विशेष योग्यजन एवं बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

- जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने

02. हाल ही में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) ने किस वर्ष को "राजस्थानी पर्यटन वर्ष" घोषित किया?

(A) वर्ष-2026

(B) वर्ष-2024

(C) वर्ष-2025

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) ने वर्ष-2025 को "राजस्थानी पर्यटन वर्ष" घोषित किया।
- 6 अगस्त 2025 को न्यूयॉर्क के मेयर द्वारा "राना डे" घोषित किया गया।
- इस वर्ष राना अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर सिल्वर जुबली मना रहा है।
- राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) अध्यक्ष – प्रेम भंडारी

## 03. हाल ही में राजस्थान के किस प्रसिद्ध लोक गायक को इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन (EEMA) का स्टार सदस्य बनाया गया है?

(A) मामे खान

(B) कुटले खान

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही





**Important Facts:**

- मामे खान और कुटले खान दोनों राजस्थान के प्रसिद्ध लोक गायक हैं। हाल ही में, उन्हें इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन (EEMA) का स्टार सदस्य बनाया गया है।
- यह सम्मान उन्हें उनकी प्रतिभा और लोक संगीत में योगदान के लिए दिया गया है
- यह ख्यातिप्राप्त संस्था EEMA देश के इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े बड़े नामों को सदस्यता देती है।
- मामे खान जैसलमेर के रहने वाले हैं। 2022 में कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी गए थे
- कुटले खान ने जयपुर में आयोजित आईफा अवॉर्ड समारोह में तीसरी बार राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

04. हाल ही में राजस्थान के किस जिले में देश की पहली मोटर बाइक एनीमल एम्बुलेंस सेवा शुरू होगी?




(a) जोधपुर

(b) अजमेर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

⭕ भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड (BPNL) ने पशु सेवा के क्षेत्र में एक नई पहल की है। निगम ने होंडा कंपनी के सहयोग से देश की पहली मोटर बाइक एनीमल एम्बुलेंस सेवा शुरू करने की घोषणा की है।

⭕ जयपुर में यह सुविधा पहले चरण में स्ट्रीट डॉग्स और पालतू पशुओं के इलाज के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

⭕ इस सेवा का उद्देश्य बीमार या घायल पशुओं तक जल्दी पहुंचकर उन्हें तत्काल इलाज उपलब्ध कराना है।

⭕ खास बात यह है कि इस बाइक एम्बुलेंस में आवश्यक चिकित्सा उपकरण और दवाइयां उपलब्ध रहेंगी।

**05. सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के फ्रंटियर मुख्यालय, जोधपुर में कितने किलोवाट क्षमता वाले ग्रिड-संलग्न सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया?**

(a) 800 किलोवाट

(b) 300 किलोवाट

(c) 400 किलोवाट

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के फ्रंटियर मुख्यालय, जोधपुर में 400 किलोवाट क्षमता वाले ग्रिड-संलग्न सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया।
- इस संयंत्र का उद्घाटन फ्रंटियर मुख्यालय के महानिरीक्षक एम. एल. गर्ग ने किया।
- यह परियोजना बीएसएफ की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि बीएसएफ परिसर की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ विद्युत खर्च में भी उल्लेखनीय कमी आएगी

**06. हाल ही में जयपुर जिले के डूंगरराम को किस कौशल के लिए राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया?**

(A) पत्थर पर नक्काशी

(B) मीनाकारी

(C) पट्टू कॉटन शॉल

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ 7 अगस्त को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह पर राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने 5 व्यक्तियों को संत कबीर तथा 19 व्यक्तियों को राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया ।

♦इसमें राजस्थान के जयपुर जिले के डूंगरराम को पट्टू कॉटन शॉल कौशल के लिए राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया।

♦संत कबीर पुरस्कार के लिए पुरस्कार राशि 3.5 लाख रुपये तथा राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए पुरस्कार राशि ₹2 लाख दी जाती है।

**07. राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने किस जिले के पुरुषोत्तम दास पुरोहित का मुम्बई में ₹5 का डाक टिकट जारी किया?**

(A) जालोर

**(B) पाली**

(C) बाड़मेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के मूल निवासी और महाराष्ट्र में व्यवसाय व समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाने वाले व्यवसायी पुरुषोत्तमदास पुरोहित पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मुम्बई में ₹5 का डाक टिकट जारी किया।
- राजस्थान के पाली जिले के सुमेरपुर तहसील के बसंत गांव के निवासी पुरुषोतमदास पुरोहित ने अपने गांव से सन 1931मे मुंबई आकर व्यवसाय प्रारम्भ किया
- व्यवसाय के साथ समाज सेवा और स्वतंत्रता आंदोलन मे जो योगदान दिया वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा पुंज के रूप मे समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगा

08. राजस्थान सरकार द्वारा TSP फंड को 1000 करोड़ से बढ़ाकर कितने करोड़ रुपए किया गया?

(a) 2000 करोड़ रुपये

(b) 1500 करोड़ रुपये

(c) 2500 करोड़ रुपये

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान में आदिवासी क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा दी गई सौगात-

⭕ राजस्थान में जनजाति समुदाय के कल्याण की भावना से अनुसूचित जनजाति के विकास एवं सशक्तीकरण के लिए TSP (जनजातीय उप-योजना) कोष 1000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

⭕ मानगढ़ धाम को धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा। इसके अलावा प्रमुख निर्माण कार्य:-

- डूंगर बरंडा संग्रहालय- डूंगरपुर
- बंसिया चारपोटा संग्रहालय- बांसवाड़ा
- वीर काली बाई संग्रहालय- उदयपुर

09. हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट ने देश के कितने राज्यों में चार नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट स्थापित करने को मंजूरी दी गई?

(A) 3

(B) 2

(C) 4

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 12 अगस्त 2025 को केंद्रीय कैबिनेट ने देश के तीन राज्य पंजाब, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश में चार नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट स्थापित करने को मंजूरी दी गई।
- यह नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत स्थापित किए जाएंगे।
- इसके तहत उड़ीसा में देश की पहली सिलिकॉन कार्बाइड फैक्ट्री स्थापित होगी।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**10. संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के स्थापना के 100 वर्ष के उपलक्ष में शताब्दी वर्ष समारोह कब से आयोजित किया जाएगा ?**

(A) 31 अक्टूबर 2025 से

(B) 11 अक्टूबर 2025 से

(C) 1 अक्टूबर 2025 से

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- 15संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के स्थापना के 100 वर्ष के उपलक्ष में शताब्दी वर्ष समारोह आयोजित किया जाएगा।
- यह समारोह 1 अक्टूबर 2025 से 1 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा।
- UPSC की स्थापना, भारत शासन अधिनियम 1919 तथा ली आयोग की सिफारिश पर 1 अक्टूबर 1926 को की गई।
- UPSC के वर्तमान अध्यक्ष- अजय कुमार

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के किस जिले में प्रदेश की पहली लेक्रोज खेल एकेडमी खोली जाएगी है?**

(a) उदयपुर

(b) जोधपुर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine